शिक्षक दिवस समारोह

गुरूर्ब्रहमा गुरूर्विष्णु : गुरूर्देवोमहेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परब्रहमा, तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल में दिनांक 05/09/2019 को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रेवरेन ब्रदर मोनाचन के.के. द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अपना जन्मदिवस शिक्षकों को समर्पित करने वाले भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णनन् के व्यक्तित्व एवं देश के प्रति कर्त्तव्यों को याद दिलाते हुए प्राचार्य जी ने छात्रों को शिक्षकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया।

छात्रों ने कक्षावार समूह में नृत्य नाटक एवं गीतों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। जिसने सभी शिक्षकों का मनमोह लिया।

छात्रों ने प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों के कर कमलों द्वारा केक कटवाकर मिष्ठान्न वितरण किया। एवं विद्यालय के कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए गए।

विद्यालय की शिक्षिका श्रीमति स्वप्ना उपाध्याय ने छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए उनको आशीर्वाद दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

शिक्षक दिवस के दोपहर के कार्यक्रम हेतु सभी शिक्षकगण फन सिटी भोपाल गए जहाँ सभी शिक्षकों ने गीत ,नृत्य एवं तम्बोला खेल जैसी प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम का उत्साह दुगुना किया।

प्राचार्य जी ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए अपना उद्बोधन दिया। दोपहर भोजन के पश्चात् सभी ने वहाँ से प्रस्थान किया।